जगदलपुर, शनिवार 07 जुलाई 2018

राजधानी

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

समाचार संक्षेप

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 27000 पद रिक्त, अमित जोगी के प्रश्न पर शिक्षामंत्री का जवाब

रायपुर, 06 जुलाई । प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लगभग 27,000 शिक्षकों की कमी है। बच्चे किसी भी देश और राज्य का भविष्य होते हैं लेकिन सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को देखते हुए खुद ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि रमन राज में हमारे प्रदेश का भविष्य कितना सुरक्षित है। विधानसभा में मरवाही विधायक अमित जोगी के प्रश्न के लिखित जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 1 लाख 82 हज़ार 722 पद स्वीकृत हैं जिनमें 26,439 पद रिक्त हैं। राजनांदगाव, सूरजपुर, बलरामपुर, बलौदा बाजार - भाटापारा, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, रायगढ़, बेमेतरा, कोंडागांव, जगदलपुर ये ऐसे जिले हैं जहाँ 1,000 से ज्यादा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। वहीँ अंबिकापुर और धमतरी में सरकार ने स्वीकृत संख्या से 591 अधिक शिक्षकों की नियुक्ति कर दी है। अर्थात वास्तव में प्रदेश में 26439 और 591 को जोड़ कर 27 हज़ार 30 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा की रिक्त पदों पर भर्ती की समय सीमा बताना संभव नहीं है।

शिक्षक संघ की बैठक आठ को

रायपुर 6 जुलाई। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे बोर्ड ऑफिस कैंपसए पेंशनबाड़ा स्थित संघ के कार्यालय में होगी। संघ के प्रांतीय प्रवक्ता जगदीश गोस्वामी ने बताया कि बैठक में शिक्षक संवर्ग को केन्द्र के शिक्षकों के समान राज्य के शिक्षकों को केन्द्रीय वेतनमान देनेए शिक्षक संवर्ग के सभी रिक्त पदों को पदोन्नति से भरनेए चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान और अन्य मांगों को लेकर विचार.विमर्श किया जायेगा। बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य व पदाधिकारी शामिल होंगे।

तंत्र मंत्र से विधानसभा को बांधने के आरोप से घिरी रमन सरकार

रायपुर 6 जुलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान एक तांत्रिक बाबा विजिटर पास लेकर विधानसभा पहुंचा उसने दावा किया है कि रमन सिंह की पुनः सरकार बने इसके लिए उसने तंत्र मंत्र के जरिए विधानसभा को बांध दिया है। यह तांत्रिक विजिटर पास लेकर विधानसभा में पहुंचे थे। बाबा सोने के आभूषणों से लदे हुए थे। तांत्रिक बाबा के माथे पर सिंदूर और भभूत का श्रृंगार था। अंदर कार्यवाही सदन की चल रही थी। बाबा विधानसभा परिसर में तंत्र मंत्र में जुटे रहे। गुरुवार को विधानसभा के अंदर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तांत्रिक बाबा को लेकर तीखी तकरार हुईए विपक्ष का आरोप था कि तांत्रिक से विधानसभा को बंधवाकर यह सरकार चौथी बार सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। वही संसदीय कार्य मंत्री अजय चंद्राकर और वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि हमें किसी बाबा के सहारे की जरूरत नहीं है। जनता के विश्वास से हम चौथी बार सरकार बनाएंगे।

ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन 29 को

रायपुर 6 जुलाई। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की ओर से 29 जुलाई को राष्ट्रीय ब्राह्मण परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। इस कार्यक्रम में पूरा ब्राह्मण समाज शामिल होंगे। साथ ही समाज के हित में चर्चायें की जायेंगी। यह जानकारी राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी नीलकंठ त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि ब्राह्मण समाज को नीलकंठ त्रिपाठी से बहुत सी उम्मीदें हैं कि ये समाज के लिए इसी प्रकार समर्पित रहेंगे। संवाददाता ने जब नीलकंठ त्रिपाठी से चर्चा की तब श्री त्रिपाठी ने बताया कि यह पहला मौका होगाए जिसमें पूरा ब्राह्मण संगठन एक ही मंच में रहेगा। 29 जुलाई को विवाह के लिए पंजीयन भी कराया जायेगा। इसके अलावा पुर्नविवाह के लिए पंजीयन भी कराया जायेगा। इस सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में दिल्ली से राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कौशिक के अलावा अन्य राज्य से भी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

अन्य पिछड़े वर्गो के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास खोले जाएंगे

रायपुर 6 जुलाई। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉण् सियाराम साहू की अध्यक्षता में आयोग की बैठक में विभिन्न शिकायतों जाति समावेशन और अन्य पिछड़े वर्गो के विद्यार्थियों की सहायता के लिए छात्रावास खोलने सहित कई विषयों पर विचार किया गया। आयोग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि बैठक में अध्यक्ष डॉ साहू ने सभी जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक.बालिकाओं के लिए छात्रावास प्रारंभ करने के लिए पहल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा क्रीमिलेयर के संबंध में जारी निर्देशो के अनुरूप राज्य शासन को अनुशंसा करने कहा। बैठक में रायपुर एवं बिलासपुर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त किया गया। अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास खोलने के लिए पहल करने के निर्देश दिए। बैठक में आयोग के सचिव बीण्आरण्साहू ने बताया कि रायपुर जिले में क्रीडा परिसर के लिए ग्राम गोगांव में भूमि चयन कर लिया गया है। आयोग के अध्यक्ष ने 30 जुलाई तक विद्यार्थियों का चयन कर अगस्त माह से नियमित क्रीडा परिसर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। अन्य पिछड़ा वर्ग में सालेवारए महकुलए सदलोहार एवं कसौधन ;वैश्यद्ध जाति को भी समावेशित कर नियमानुसार अनुसंधान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

राज्य के पांच जिलों ने मनाया अपना 20वां स्थापना दिवस, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

रायपुर06 जुलाई। मुख्यमंत्री डॉ् रमन सिंह ने आज छत्तीसगढ़ के पांच जिलों के 20वें स्थापना दिवस और 21वें वर्ष में प्रवेश पर वहां की जनता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि उत्तर बस्तर यकांकेर दक्षिण बस्तर यदंतेवाड़ा कबीरधाम यकवर्धाए महासमुंद और धमतरी जिलों में अपनी स्थापना के सिर्फ 20 वर्ष के भीतर सामाजिकण्आर्थिक विकास के हर क्षेत्र में कई गौरवशाली उपलब्धियां हासिल की है। डॉण् सिंह ने कहा ण् इस दौरान विगत लगभग चौदह वर्ष में शासन की विभिन्न योजनाओं के जरिये इन जिलों के जनण्जीवन में तरक्की और खुशहाली के एक नये वातावरण का निर्माण हुआ है। खेतीण्किसानी सिंचाई बिजली सड़क स्वच्छ पेयजल स्कूल शिक्षा उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा रोजगार प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा आदि हर क्षेत्र में पांचों जिलों में सराहनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली जनण्धन योजना उज्ज्वला योजना उजाला योजना स्वच्छ भारत मिशन आदि में भी इन जिलों की जनता ने उत्साहजनक भागीदारी दी है। डॉण् सिंह ने शुभेच्छा प्रकट करते हुए उम्मीद जतायी है कि निकट भविष्य में ये सभी जिले अपनी विकास यात्रा में कामयाबी के और भी कई पड़ावों को पार करते हुए विकास के उच्चतम शिखर तक पहुंचेंगे। ज्ञातव्य है कि इन पांचों जिलों की स्थापना छह जुलाई 1998 को हुई थी।

मुख्यमंत्री ने की कर्त्तव्यनिष्ठ वाहन चालक के परिवार को एक लाख रूपए की सहायता की घोषणा

रायपुर 6 जुलाई। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने आज जिला मुख्यालय कवर्धा निवासी कर्त्तव्यनिष्ठ वाहन चालक स्वर्गीय श्री संतोष पात्रे के परिवार को एक लाख रूपए की सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने यह राशि स्वेच्छानुदान के मद से मंजूर की है। मुख्यमंत्री ने बस ड्रायविंग के दौरान श्री पात्रे की हृदयाघात से मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और उनकी कर्तव्यपरायणता की तारीफ करते हुए कहा है कि स्वर्गीय श्री पात्रे ने अचानक हृदयाघात होने के बावजूद लगभग 30 से 40 यात्रियों से भरी बस को सुरक्षित रोककर सभी यात्रियों को एक बड़ी दुर्घटना से बचा लिया। यह उनकी कर्त्तव्यनिष्ठा और सेवाभावना का परिचायक है जो सभी लोगों के लिए अनुकरणीय है।

डॉण् सिंह को जैसे ही कर्त्तव्य निर्वहन के दौरान श्री पात्रे के निधन की जानकारी मिली उन्होंने राजधानी रायपुर में उनके परिवार के लिए एक लाख रूपए के स्वेच्छानुदान की तत्काल घोषणा कर दी। ज्ञातव्य है कि स्वर्गीय श्री संतोष पात्रे जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित अटल आवास कालोनी के निवासी थे और एक प्राइवेट बस कम्पनी में वाहन चालक के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने प्रतिदिन की तरह कल भी कवर्धा से दुर्ग जाने वाले बस की ड्रायविंग सीट पर अपना काम संभाला और कवर्धा से सहसपुर लोहारा होते हुए दुर्ग के लिए रवाना हुए लेकिन सवेरे 7.30 बजे के आसपास सहसपुर लोहारा से बस आगे रवाना हुई तो एक किलोमीटर जाने के बाद श्री पात्रे को सीने में दर्द शुरू हो गया। इसके बावजूद उन्होंने बस की रफ्तार को अपनी सूझण्बूझ से नियंत्रित करते हुए एक स्थान पर खड़ा कर दिया। इस घटना के बाद यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों के जीवन में आएगी खुशहाली - कृष्णा राज

रायपुर 6 जुलाई। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा राज ने केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर लागत का डेढ़ गुना किये जाने को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि इससे किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और उनके जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी किये जाने के संकल्प के प्रति केन्द्र सरकार कृतसंकल्प है। श्रीमती कृष्णा राज आज यहां राज्य शासन के कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मौसम आधारित समसामयिक कृषि कार्य पर प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सूचना क्रांति योजना के तहत लैपटॉप वितरण समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से आए किसानों ने केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किये जाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवालए सांसद रायपुर रमेश बैसए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिकए पूर्व राज्य मंत्री पूनम चन्द्राकरए कृषि उत्पादन आयुक्त सुनील कुजूर और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉण् एसण्केण् पाटील भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा राज ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में एकमुश्त इतनी अधिक वृद्धि की गई है। इससे किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब हक मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि डॉण् स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर फसलों का समर्थन मूल्य लागत का डेढ़ गुना किये जाने के निर्णय से किसानों की माली हालत बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय और अधिक बढ़ाने के लिए कृषि लागत में कमी किया जाना आवश्यक है। इसके लिए किसानों को समन्वित खेती की ओर अग्रसर होना होगा। इससे ग्रामोदय से भारत उदय की संकल्पना साकार होगी।

प्रदेश के कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने खरीफफसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि किये जाने के लिए केन्द्र सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा धान सहित सभी खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में आशातीत वृद्धि की गई है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि धान के समर्थन मूल्य में 200 रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किये जाने से राज्य के किसानों द्वारा धान की कीमत 2100 रूपये प्रति क्विंटल किये जाने की मांग लगभग पूरी हो गई है। राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले बोनस 300 रूपये प्रति क्विंटल को मिलाकर अब किसानों को प्रति क्विंटल 2050 रूपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को बोनसए फसल बीमाए मुआवजाए बिजली सबसिडी और खाद बीज पर सबसिडी के रूप में प्रति वर्ष लगभग 7 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सांसद श्री रमेश बैस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक ने भी केन्द्र सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए आभार जताया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉण् एसण्केण् पाटील ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित ष्ओयलसीड एवं पल्स डॉक्टरष्ए मोबाइल एप्प एवं एमण्आईण्एसण् सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया गया।

अतिथियों ने छत्तीसगढ़ सूचना क्रांति योजना के तहत कृषि महाविद्यालय रायपुरए कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालयए रायपुर तथा दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालयए रायपुर के विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किये। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा किसानों को दिये जाने वाले बीज मिनी किट और स्वायल हेल्थ कार्ड तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रदत्त आईस बॉक्स का वितरण भी किया।

संचालक कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी एमण्एसण् केरकेट्टा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संचालक विस्तार सेवाएं डॉण् एण्एलण् राठौरए संचालक अनुसंधान डॉण् एसण्एसण् राव सहित कृषि विश्वविद्यालय के कई वैज्ञानिकए कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

समर्थन मूल्य में वृद्धि और बोनस मिलने से किसानों में जश्न का माहौल - बजाज

0-समर्थन मूल्य में वृध्दि और बोनस के लिए बजाज ने पीएम और सीएम का माना आभार

रायपुर, 06 जुलाई । अभनपुर बोनस वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुचे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष अशोक बजाज ने जिला सहकारी बैंक अभनपुर की शाखा में किसानों को बोनस वितरण का शुभारंभ कर किसानो को रुपे कार्ड प्रदान किये। समर्थन मूल्य में वृद्धि व बोनस मिलने की खुशी अभनपुर बस स्टेंड में आतिशबाजी कर व्यक्त की गयी। बोनस वितरण समारोह में अभनपुर सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा व संचालक मंडल द्वारा बजाज का हल देकर व खुमरी पहनाकर स्वागत किया । बजाज ने समर्थन मूल्य में 200 रूपए की वृद्धि के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बोनस प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार केंद्र और राज्य सरकार किसान हितैषी सरकार है। पिछली बार दीपावली के समय जब पैसो की ज्यादा आवश्यकता होती है ठीक उसी समय प्रदेश के मुखिया डॉ रमन सिंह ने दीपावली के समय बोनस देकर किसान भाइयो के चेहरे में खुशियां बिखेरी थी। उसी प्रकार इस बार भी जब खेती किसानी का समय किसान भाइयो को पैसो की ज्यादा आवश्यकता होती तो ऐसे समय में बोनस प्रदान कर रमन सरकार ने फिर एक बार किसानों के चेहरे में खुशियां बिखेरी है। बजाज ने किसान भाइयो से आग्रह किया है कि बैंक से पूरा पैसा न निकालकर अपनी जरुरत के अनुसार ही पैसे निकाले। शेष राशि बैंक में ही सुरक्षित रहने देवे। किसानों को सुविधा के लिए सहकारी समिति में भी रुपे कार्ड के माध्यम से प्रतिदिन 5 हजार रुपये भी निकाल सकते है। आज के बोनस वितरण समारोह में अभनपुर सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा,विकास चंद्राकर, मदन साहू,नेतराम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष किशन शर्मा, सुनील प्रसाद,चेतना कैलास गुप्ता,वरुण राठी, भरत बैस, राम कृष्ण बैस, भेदराम यादव, माधव मिरी, शंकर साहू, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वेच्छा सिंह, तहसीलदार पार्वती पटेल सहित जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव दीवान सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री ने किया राज्य योजना आयोग की कार्यशाला का शुभारंभ

रायपुर 6 जुलाई। खाद्य नागरिक आपूर्ति ग्रामोद्योग और योजना विभागों के मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने यहां पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में मुंगेली कोरबा राजनांदगांव और महासमुंद की जिला योजना समितियों के सदस्यों की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला राज्य योजना आयोग द्वारा आयोजित की गयी ।

कार्यशाला में जिलों के सतत विकास के लक्ष्यों पर गंभीर विचार.मंथन किया गया। श्री मोहले ने सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिलों के सतत विकास के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। इसमें जिला योजना समितियों के प्रत्येक सदस्य को सजग होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। श्री मोहले ने कहा. सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए यह जरूरी है कि जिला योजना समितियों के सदस्य सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी रखें और जरूरतमंद लोगों तक उनका लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉण् रमन सिंह की विशेष पहल पर राज्य योजना आयोग द्वारा प्रदेश की सभी 27 जिला योजना समितियों के सदस्यों के लिए राजधानी रायपुर के नजदीक ग्राम निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में अलग.अलग तारीखों में राजस्व संभागवार प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। सतत विकास के लक्ष्यों पर केन्द्रित कार्यशालाओं की यह अंतिम कड़ी थीए जिसके प्रथम सत्र की अध्यक्षता डीबेट भोपाल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ सिंह ने की। उन्होंने कहा कि जिलों की वार्षिक विकास योजनाओं का प्रारूप राज्य का वार्षिक बजट बनने के पहले तैयार कर लिया जाएए ताकि हर विभाग संबंधित जिले की कार्ययोजना के आधार पर वहां के प्रस्तावों को विभागीय बजट में शामिल कर सकते हैं।

राज्य योजना आयोग के सदस्य पीण्पीण् सोती ने कहा कि प्रत्येक जिला योजना समिति के लिए उप समितियों का भी गठन किया जाना चाहिए। श्री सोती ने जिला योजना समितियों कि स्थायी समितियों में विषय विशेषज्ञों को भी शामिल करने की जरूरत पर बल दिया। कार्यशाला को जिला पंचायत राजनांदगांव के अध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा वर्माए जिला पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष श्रीमती रूप साहू तथा राज्य योजना आयोग की ओर से डॉण् आलोक सूर और डॉण् जेएएसण् विरदी सहित एलण्केण्शर्माए ऋषिराज शर्माए मुक्तेश्वर सिंह और देवीदास निमजे ने भी सम्बोधित किया।

छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने शासन से की जीएसटी सहित 15 सूत्रीय समस्याओं के निदान की मांग

रायपुर, 06 जुलाई । छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने आयोजित पत्रकार वार्ता में 15 सूत्रीय समस्याओं के समाधान की शासन से अपेक्षा की है। आयोजित पत्रकार वार्ता में शुक्ला ने बताया कि एक जुलाई 2017 से सभी निर्माण विभागों के अनुबंध में यथा लोक कर्म विभाग, जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ हेल्थ सर्विस कार्पोरेशन, आदिम जाति कल्याण विभाग हाउसिंग बोर्ड कृषि उपज मंडी नगरीय निकाय, पुलिस हाउसिंग बोर्ड एवं बोर्ड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा निविदा आमंत्रित कर ठेकेदारों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों में एक जुलाई 2017 से 12 प्रतिशत जीएसटी अधिभार लगाया गया है। यह अधिभार शासन को स्वयं वहन करना चाहिए। जिन निर्माण विभागों में यह प्रावधान नहीं है। वह लोक निर्माण विभाग के अनुबंध फार्म का अध्ययन कर अपने विभागों में तत्काल लागू करे। शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सभी निर्माण विभाग में एसओआर से 10 प्रशित बिलों के साथ निविदाओं में दर आने पर एपीएस कंडिका का प्रावधान किया गया है। उसे समाप्त कर ओडिशा, झारखंडे प्रदेशों में लागू निविदा दरों के संबंध में जो नियम लागू किए गए हैं। उसे छत्तीसगढ़ में लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग में निविदा शर्तों में निर्माण समय की सीमा एक सामान नहीं होने के कारण फैली विसंगति को ठीक किया जाए। सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बीजापुर, जगदलपुर आदि जिलों में निर्माण विभागों में ठेकेदारों द्वारा फर्जी एफडीआर बैंक गारंटी आदि निर्माण विभागों में जमा कर दो सौ करोड़ का निर्माण कार्य लिया गया है।

जबकि फर्जी ठेके दारों के खिलाफ नियमानुसार आपराधिक प्रकरण संबंधित जिलों के पुलिस प्रशासन द्वारा दर्ज नहीं किए गए हैं। एकल पंजीयन प्रणाली में सुधार किया जाए अनुबंध पत्रों में एकरूपता पारदर्शिता लाई जाए प्रदेश के निर्माण विभागों में ई पी एफ 50 करोड़ के निर्माण कार्यों के ऊपर यह शर्त लागू की जाए।